# RR + PR

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H** ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

**Code No. : 06-H** **Subject : First Language — HINDI**

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**(ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ/ Regular Repeater + Private Repeater)**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

i) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 63 प्रश्न हैं ।

ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्न के लिये जगह प्रत्येक प्रश्न के साथ दिया गया है । आपको सही विकल्प को चुनना है एवं प्रदत्त जगह में संकेताक्षर सहित पूर्ण उत्तर लिखना है ।

iii) गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए प्रत्येक प्रश्न के साथ पर्याप्त जगह दिया गया है । आपको उसी जगह में प्रश्न के उत्तर देना है ।

iv) वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्न हेतु दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम एवं मानचित्र ) ।

vi) बहुविकल्पीय, रिक्त स्थान पूर्ति एवं जोड़े मिलाना प्रश्नों के मामले में रगड़ने / दोबारा लिखने / चिह्नित करने की अनुमति नहीं है, ऐसे में मूल्यांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा ।

vii) परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

viii) दाहिनी तरफ हाशिए में जो जगह छोड़ी गयी है उसमें कुछ मत लिखिए ।

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर प्रश्न के नीचे दी गयी जगह पर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 15 × 1 = 15

1. 'रामावतार' का सही संधि विच्छेद है

(A) राम् + अवतार (B) रामाव + तार

(C) राम + अवतार (D) रामा + वतार ।

2. विश्वराज्य के कवि हैं

(A) रामधारी सिंह दिनकर (B) सुमित्रानंदन पंत

(C) महादेवी वर्मा (D) मैथिलीशरण गुप्त ।

3. 'अच्छा' का विशेष्य रूप है

(A) अच्छाई (B) इच्छा

(C) अच्छाईपन (D) बुरा ।

4. 'नदी' का बहुवचन रूप है

(A) नदियाँ (B) नदिये

(C) नदियों (D) नदीयाँ ।

5. 'भयभीत' शब्द का सही विग्रह है

(A) भय + भीत (B) भय को भीत

(C) भया + भीत (D) भय से भीत ।

6. निम्न में से क्रिया विशेषण का उदाहरण है

(A) काला (B) दौड़ना

(C) खाना (D) जल्दी ।

7. निन्दा का उदगम किससे होता है ?

(A) होशियारी (B) हीनता

(C) कमजोरी (D) मूर्खता ।

8. हरिणों के रहने के स्थान को कहते हैं

(A) हरिण घर (B) घोंसला

(C) मृग-दाव (D) कानन ।

9. रथीन बाबू की पत्नी का नाम था

(A) कोमला (B) यशवंती

(C) दमयंती (D) सरस्वती ।

10. शरत बाबू किस नदी के सामने बैठकर लिखना पसंद करते थे ?

(A) गंगा (B) यमुना

(C) रूपनारायण (D) कावेरी ।

11. भोपाल दुर्घटना किस कारण घटी थी ?

(A) रेल (B) कार

(C) गैस (D) बस ।

12. प्रथम जैन तीर्थंकर का नाम है

(A) महावीर (B) ऋषभ देव

(C) गौतम बुद्ध (D) महाविष्णु ।

13. कहाँ शव को मानव का आदर मिल रहा है ?

(A) ताजमहल में (B) श्मशान में

(C) शहर में (D) कानन में ।

14. बिहारीलाल किस काल के कवि थे ?

(A) भक्ति काल (B) रीति काल

(C) प्राचीन काल (D) आधुनिक काल ।

15. मानव किसके दास है ?

(A) राजा के (B) समय के

(C) माँ-बाप के (D) नियति के ।

II. खाली जगह भरिए : $5 \times 1 = 5$

16. सूरदास की रचना ............................ है ।

17. चूड़ामणि ने चुपचाप उसके ............................ में प्रवेश किया ।

18. कुवेंपु का पूरा नाम ............................ है ।

19. सुख-दुख मानव जीवन में ............................ आता है ।

20. ईमान का विलोम शब्द ............................ है ।

III. 21. जोड़कर लिखिए — 5 × 1 = 5

| ‘अ’ | | ‘आ’ | |
|---|---|---|---|
| i) | सीता गाना गाती है | a) | धनपतराय |
| ii) | सूरदास | b) | संयुक्त वाक्य |
| iii) | कामायनी | c) | कल्पना करना |
| iv) | प्रेमचन्द | d) | सरल वाक्य |
| v) | हवाई किले बनाना | e) | कृष्ण भक्त |
| | | f) | जयशंकर प्रसाद |
| | | g) | रामचरित मानस । |

IV. निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 10 × 1 = 10

22. बैलों के मालिक का नाम क्या था ?
23. द्विवेदी जी ज्यादा क्यों न पढ़ सके ?
24. प्रगति के नाम पर क्या कर रहे हैं ?
25. रसखान की कविता में कौन से छद का प्रयोग हुआ है ?
26. उद्धव क्यों मौन रह गये ?
27. धरती का पर्यायवाची शब्द क्या है ?
28. हिन्दी में कितने लिंग हैं तथा कौन से हैं ?
29. आज की दुनिया कैसी है ?
30. पूँछ में आग लगने पर हनमान जी ने क्या किया ?
31. राधा किसके द्वारा संदेश भेजती है ?

V. निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 15 × 2 = 30

32. नर की मुट्ठी में क्या सिमटता जा रहा है ?
33. सृजन की शक्ति किसके हाथ में बसी है ? हारिल किसका प्रतीक है ?
34. संसार की क्षणभंगुरता के बारे में कवि क्या कहता है ?
35. जीवित जन की स्थिति कैसी है ? आज मानव क्या कर रहा है ?
36. पूजा-पाठ के बारे में कुवेंपु के क्या विचार थे ?

37. ओज़ोन गैस कैसे बनती है ? उसके परत में छेद हो जाने का परिणाम क्या होता है ?

38. रथीनबाबू ताम्रपत्र क्यों नहीं लेते ?

39. पाखाने से लौटकर शरत् बाबू ने क्या देखा ?

40. हीरा-मोती देखने में कैसे थे ?

41. सोहनलाल द्विवेदी किस पत्रिका के संपादक थे ? उन्होंने लेखक से क्या माँगा ?

42. निम्न पद्य भाग को पूरा कोजिए :

कहो तुम्हारी ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................................................. भी बाँटें ?

43. ऊधौ मोहि ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

........................................................................... साथ खवावत ।

44. सर्वनाम किसे कहते हैं ? दो उदाहरण दीजिए ।

45. गुण संधि और दीर्घ संधि के एक-एक उदाहरण दीजिए ।

46. यथाशक्ति, काली मिर्च - इन शब्दों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : $10 \times 3 = 30$

47. मिशनरी निंदक कैसे होते हैं ?

48. गौरैया आँगन में क्या-क्या करती है ?

49. बूढ़ी माँ की आँखें अंधी क्यों हो गई थीं ?

50. अलंकार पहचानकर विवरण दीजिए :

को घटि, ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर ।।

51. छंद पहचानकर नाम लिखिए :

मैं समुझ्यौ निरधार, यह जग काँचो काच सौ ।

संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

52. सब अपना धर्म छोड़ दें, तो मैं भी क्यों छोड़ दूँ ?

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

53. देखो अमरीत, यह मेरी मेज है, इसी पर मैंने अपनी प्रायः सभी किताबें लिखी है ।

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) व्याख्या :

54. काँप न यद्यपि दसों दिशा में

तुझे शून्य नभ घेर रहा है ।

i) कविता का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :

कवि परिचय दीजिए :

55. तुलसीदास :

i) जन्मस्थान :

ii) काल :

iii) प्रमुख रचनाएँ :

iv) उनके बारे में जानकारी :

56. महेंद्र भटनागर :

i) जन्मस्थान :

ii) काल :

iii) प्रमुख रचनाएँ :

iv) उनके बारे में जानकारी :

VII. निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **आठ-दस** वाक्यों में लिखिए : 5 × 4 = 20

57. द्विवेदी जी पत्रिका में लिखते समय किन बातों पर ध्यान देते थे ?

58. भारतीय भाषाओं में क्या समानता पाई जाती है ?

59. पत्र लेखन :

पाँच दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखिए ।

60. सूखो जाती मलिन लतिका जो धरा में पड़ी हो ।
तो पाँवों के निकट उसको श्याम के ला गिराना ।
यों सीधे से प्रकट कर प्रीति से वंचिता हो
मेरा होना अति मलिन औ सूखते नित्य जाना ।

i) कविता का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) भावार्थ :

61. 'रसखानि गुविन्दुहि यों भजिए,
जिमि नागरि को चित गागर में ।'

i) कविता का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) भावार्थ :

VIII. 62. निम्न में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 1 × 5 = 5

a) महाकवि कुवेंपु

b) पर्यावरण प्रदूषण

c) भावार्थ ।

IX. निम्न गद्य भाग को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

63. आलूर वेंकटराव का जन्म 12 जुलाई, 1880 ई० को विजयापुरा में हुआ । उनके माता भागीरथी और पिता भीमराय थे । उन्हें प्यार से "वेंकण्णा" के नाम से पुकारते थे । उनकी प्रारंभिक शिक्षा नवल गुंद में हुई । कन्नड़ स्कूल में पढ़ते थे और घर पर संस्कृत पढ़ाई जाती थी । उन्हें स्वदश और स्वधर्म पर बहुत अभिमान था । अपनी मातृभाषा कन्नड़ के प्रति भी उतना ही प्रेम था । वे कन्नड़ भाषा के प्रचार और प्रसार के लिए अनेक काम किए । अनेक संघ-संघटनाओं में काम करके अमर बन गए ।

i) आलूर वेंकटराव का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

ii) उनके माता-पिता का नाम क्या था ?

iii) उन्हें प्यार से क्या कहकर पुकारते थे ?

iv) उनकी प्रारंभिक शिक्षा कहाँ हुई ?

v) उन्होंने कन्नड़ भाषा के लिए क्या-क्या काम किया ?